# अध्याय - 12 | पृथ्वी से परे

QUIZ PART-02

1. **ओरायन तारा-मंडल किसके समान दिखाई देता है?**
   A. शिकारी
   B. बड़ा भालू
   C. नाव
   D. बड़ा कुत्ता (A)

***व्याख्या :*** ओरायन तारा-मंडल की आकृति एक शिकारी के समान दिखाई देती है।

2. **ओरायन के मध्य में कितने चमकदार तारे उसकी पेटी या बेल्ट बनाते हैं?**
   A. पाँच
   B. सात
   C. तीन
   D. चार (C)

***व्याख्या :*** ओरायन के बीच में स्थित तीन चमकदार तारे शिकारी की पेटी या बेल्ट बनाते हैं।

3. **भारत में ओरायन तारा-मंडल किस अवधि में अच्छी तरह दिखाई देता है?**
   A. जून से अगस्त
   B. दिसंबर से अप्रैल
   C. मई से जुलाई
   D. अगस्त से अक्टूबर (B)

***व्याख्या :*** भारत में ओरायन तारा-मंडल को दिसंबर से अप्रैल के महीनों में अच्छी तरह देखा जा सकता है।

4. **'कैनिस मेजर' नाम का अर्थ क्या है?**
   A. छोटा भालू
   B. महान शिकारी
   C. छोटा कुत्ता
   D. बड़ा कुत्ता (D)

***व्याख्या :*** कैनिस मेजर नाम का अर्थ 'बड़ा कुत्ता' होता है।

5. **रात्रि-आकाश का सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?**
   A. लुब्धक या सीरियस
   B. ध्रुव तारा
   C. बीटलजूज़
   D. एल्डेबरान (A)

***व्याख्या :*** कैनिस मेजर में स्थित लुब्धक या सीरियस रात्रि-आकाश का सबसे चमकीला तारा है।

6. **बिग डिपर किस तारा-मंडल का अंग है?**
   A. अर्सा माइनर
   B. ओरायन
   C. अर्सा मेजर
   D. कैनिस मेजर (C)

***व्याख्या :*** बिग डिपर अर्सा मेजर तारा-मंडल का एक भाग है। भारत में इसे सप्तर्षि कहा जाता है।

7. **बिग डिपर की आकृति किसके समान दिखाई देती है?**
   A. शिकारी
   B. बड़े चम्मच या डोंगे
   C. बड़े कुत्ते
   D. मछली (B)

***व्याख्या :*** बिग डिपर के तारों का पैटर्न बड़े चम्मच या डोंगे के समान दिखाई देता है।

8. **लिटिल डिपर किस तारा-मंडल का अंग है?**
   A. अर्सा माइनर
   B. वृष
   C. कैनिस मेजर
   D. अर्सा मेजर (A)

***व्याख्या :*** लिटिल डिपर अर्सा माइनर तारा-मंडल का एक भाग है।

9. **ध्रुव तारा लिटिल डिपर में कहाँ स्थित है?**
   A. उसके मध्य में
   B. उसके नीचे
   C. उसके आरंभ में
   D. उसके अंतिम सिरे पर (D)

***व्याख्या :*** ध्रुव तारा लिटिल डिपर के अंतिम सिरे पर स्थित होता है।

10. **ध्रुव तारे की प्रमुख विशेषता क्या है?**
    A. यह सबसे चमकीला तारा है
    B. यह उत्तर दिशा में लगभग अचल दिखाई देता है
    C. यह केवल दिन में दिखाई देता है
    D. यह लगातार पूर्व दिशा में चलता है (B)

***व्याख्या :*** ध्रुव तारा उत्तर दिशा में लगभग एक ही स्थान पर स्थिर दिखाई देता है और दिशा ज्ञात करने में सहायता करता है।

DESH KA APNA SCHOOL